राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के अधीन निम्नलिखित सेवाओं के विकास के लिए भारत सरकार को डानिडा से विदेशी सहायता मिल रही है :—

1. निगरानी और मूल्यांकन
2. राज्य मुख्यालय में नेत्र चिकित्सा कक्ष
3. केन्द्रीय/जिला मोबाइल यूनिटें
4. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए उपकरण
5. स्वास्थ्य शिक्षा सामग्री

उपर्युक्त मदों पर किया गया खर्च इस कार्यक्रम के लिए रखे गये योजना प्रावधानों में से पूरा किया जाता है और डानिडा द्वारा इसकी वार्षिक प्रतिपूर्ति की जाती है ।

सतना से सीटों का कोटा

739. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** : क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार वाराणसी एक्सप्रेस और हावड़ा मेल में सतना से कुछ सीटों के कोटे का आरक्षण करने का विचार रखती है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : सतना स्टेशन को वाराणसी एक्सप्रेस और हावड़ा मेल गाड़ियों में निम्नलिखित कोटा प्रदान किया गया है :—

गाड़ियां	पहला दर्जा	दूसरा दर्जा
27 डाउन वाराणसी एक्सप्रेस	—	2 सीटें
28 अप वाराणसी एक्सप्रेस	—	बम्बई के लिए 3 शायिकाएं सूरत के लिए एक शायिका
3 अप कलकत्ता-	2 शायिकाएं	7 शायिकाएं
4 डाउन बम्बई-कलकत्ता मेल	3 शायिकाएं	7 शायिकाएं

इसके अलावा सतना को 1-6-1986 से 28 अप वाराणसी एक्सप्रेस में पहले दर्जे की दो शायिकाओं का कोटा आबंटित किया जा रहा है ।

दिल्ली-राजुरा-जगदलपुर रेलवे लिंक का सर्वेक्षण

740. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** : क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली-राजुरा-जगदलपुर रेल लिंक के संबंध में कोई सर्वेक्षण किया गया है;

(ख) क्या यह सर्वेक्षण पूरा हो चुका है;

(ग) इस रेल मार्ग का निर्माण कार्य कब से प्रारंभ होने की संभावना है; और

(घ) क्या सरकार इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि यह एक आदिवासी पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, इस लाइन के निर्माण को प्राथमिकता देने का विचार रखती है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिन्धिया) : (क) और (ख) 1973-74 में सर्वेक्षण किया गया था । सर्वेक्षण को अद्यतन करने का काम अब शुरू किया गया है ।

(ग) और (घ) सर्वेक्षण पूरा हो जाने पर आगे कार्रवाई की जायेगी जो परियोजना के वित्तीय फलितार्थ और संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगी ।

परासिया-छिंदवाड़ा मीटर लाइन को बड़ी लाइन में बदला जाना

741. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** : क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या परासिया-छिंदवाड़ा मीटर लाइन को बड़ी लाइन में बदलने की सरकार की कोई योजना है;